भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4167

उत्तर देने की तारीख 19 मार्च, 2020
29 फाल्गुन, 1941 (शक)

जूनियर टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम

4167. श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस. :
श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटीलः
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः
श्री कुलदीप राय शर्माः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्री बी. मणिक्कम टैगोरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में जूनियर स्तर पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जूनियर टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपी) शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए जूनियर एथलीटों का चयन करने के लिए क्या मापदंड अपनाए गए हैं;

(ग) उक्त योजना के तहत लाभान्वित होने वाले जूनियर एथलीटों की संख्या कितनी है;

(घ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए कि भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति बने; और

(ङ) उक्त योजना को कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) विद्यमान टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) में जूनियर और सब-जूनियर खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है । टीओपीएस के अंतर्गत विकास समूह के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए इन युवा उदीयमान खिलाड़ियों का चयन पेरिस 2024 और लॉस एंजलिस 2028 ओलंपिक खेलों के लिए किया गया है ।

(ख) विकास समूह के अंतर्गत खिलाड़ियों का चयन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर व्यापक अनुसंधान और विश्लेषण के बाद किया जा रहा है :

- हालिया ओलंपिक खेल, विश्व चैंपियनशिप और अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का प्रत्येक खेल विधा में प्रदर्शन के विशिष्ट बैंचमार्क का निर्धारण करने के लिए विश्लेषण किया जाता है ।
- हालिया प्रदर्शन को समुचित महत्व देते हुए भारतीय खिलाड़ियों के 2-3 वर्षों के प्रदर्शन के विश्लेषण पर विचार किया जाता है ।
- प्रत्येक स्पर्धा में ओलंपिक मैडल विजेता विशेष की आयु का मूल्यांकन करके उच्च प्रदर्शन की आयु निर्धारित की जाती है ।
- राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ), राष्ट्रीय कोचों, राष्ट्रीय प्रेक्षकों, उच्च प्रदर्शन प्रबंधकों और अन्य विषयों के विशेषज्ञों से यथा व्यवहार्य फीडबैक लिया जाता है ।

उक्त विश्लेषण को टीओपीएस में विकास समूह में शामिल खिलाड़ियों सहित अन्य खिलाड़ियों को शामिल करने संबंधी कार्य को करने वाली एक विशेषज्ञ समिति मिशन ओलंपिक सैल (एमओसी) को प्रस्तुत किया जाता है । एमओसी के अध्यक्ष महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण होते हैं और इसके अन्य सदस्यों में अध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ, संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों के अध्यक्ष/ महासचिव तथा विभिन्न अन्य विषयों के विशेषज्ञ शामिल हैं ।

(ग) वर्तमान में, टीओपीएस के विकास समूह में 7 खेल विधाओं में 84 खिलाड़ियों को अभिज्ञात किया गया है ।

(घ) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में खेल उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कार्यान्वित की जा रही सरकार की अन्य प्रमुख स्कीमें इस प्रकार हैं :-

i) राष्ट्रीय खेल परिसंघों के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, विदेशी एक्सपोजर और प्रतियोगिताओं के लिए उनकी सहायता करने के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता ।

ii) खेलो इंडिया स्कीम जिसका उद्देश्य देशभर में खेलों में व्यापक जनसहभागिता और उत्कृष्टता के संवर्धन के दौहरे उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए संपूर्ण खेल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करना है ।

(ङ) टीओपीएस के अंतर्गत जूनियर और सब-जूनियर खिलाड़ियों का विकास समूह पहले से ही कार्यान्वित किया जा रहा है ।

****